हिट एंड रन : करधनी-वी.के.आई. में तेज रफ्तार कार की टक्कर दो युवकों की मौत

- करधनी हादसे में घायल एक अन्य बाइक सवार युवक का अस्पताल में उपचार जारी
- वी.के.आई. क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने रेलवे के टेक्नीशियन को कुचला

जयपुर । करधनी इलाके में रात करीब आठ बजे कालवाड रोड पर एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर एक की मौत हो गई। जबकि दूसरे का उपचार जारी है। हिट एण्ड रन के मामले में पुलिस कार चालक की पहचान के लिए घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

पुलिस के अनुसार यूपी निवासी 25 वर्षीय विशाल पुत्र कैलाश अपने एक साथी के साथ बाजार से घर लौट रहा था। रात करीब आठ बजे कालवाड़ रोड पर एक तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक कार लेकर भाग निकला। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर विशाल की मौत हो गई। मृतक रंग-पेंट और पट्टी का काम करता था।

इसी तरह विश्वकर्मा इलाके के शनिवार को एक तेज रफ्तार कार ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार उत्तर-पश्चिम रेलवे के ग्रुप डी फर्स्ट ग्रेड में टेक्नीशियन की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार शनिवार को दोपहर करीब तीन बजे बढारना पुलिया सर्विस लाइन के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार व्यक्ति घायल हो गया।

हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंचकर पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद चालक कार लेकर भाग निकला। मृतक की पहचान 40 वर्षीय रामगोपाल पुत्र सोहन लाल निवासी भीवपुरा आमेर के रुप में हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने बताया कि हिट एण्ड रन मामले में कार चालक को पकड़ने का प्रयास जारी है। इस मामले में घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। फिलहाल कार का पता नहीं चल पाया है। हादसे के बाद बाइक को क्रेन की मदद से थाने पर खड़ा करवा दिया है। मृतक रेलवे ग्रुप डी फर्स्ट ग्रेड में टेक्नीशियन है और जयपुर शहर में पोस्टेड है। हादसे के बाद फरार चालक की कार के नम्बरों के आधार पर तलाश जारी है।

वहीं झोटवाड़ा थाना इलाके में रात करीब साढ़े नौ बजे प्रताप डेयरी चौराहे पर एक तेज रफ्तार कार ने मोपेड को टक्कर मार दी। हादसे में मोपेड सवार की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार हादसे में यूपी निवासी 38 वर्षीय अंशुल की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को जब्त कर थाने पर खड़ा करवा दिया है।

ग्राम विकास अधिकारी से 71 लाख रु. लूटने वाला इनामी बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ा

जयपुर । मुहाना पुलिस ने 23 अप्रैल की शाम को सीकर के ग्राम विकास अधिकारी देवेन्द्र जांगिड़ से 71 लाख रुपये की लूट मामले में फरार पच्चीस हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पूर्व में छह आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने 23 अप्रैल की शाम को सीकर के ग्राम विकास अधिकारी देवेन्द्र जांगिड़ से 71 लाख रुपये की लूट मामले में फरार 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश रामसिंह गोरा निवासी पचेवर जिला टोंक को बापर्दा गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि लूट के मामले में मुख्य आरोपी धाबास निवासी रवि पंडित के साथ जयपुर निवासी मुकेश सामोता और दूदू निवासी सुरेंद्र देवलिया सहित लूटी गई रकम को ठिकाने लगाने में मुंगथला दूदू निवासी गोपाल लाल जाट, सुरेंद्र और बद्रीनारायण को गिरफ्तार किया गया था।

देशी शराब की तस्करी में लिप्त महिला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । गलता गेट पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए देशी शराब की तस्करी करने वाली महिला हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से 48 देशी शराब के पव्वे भी बरामद किए है। फिलहाल महिला तस्कर से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि गलता गेट थाना पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए देशी शराब की तस्करी करने वाली महिला हिस्ट्रीशीटर मंजू मीणा निवासी बास बदनपुरा गलता गेट को गिरफ्तार किया है। आरोपित महिला के खिलाफ कई मामले थाने में दर्ज है। इसके अलावा गुंडा एक्ट के तहत तडीपार भी किया जा चुका है।

आरोपी मंजू मीणा

इंश्योरेंस के नाम पर युवक से 48 हजार रुपए ठगे

जयपुर । चित्रकूट थाना इलाके में इंश्योरेंस के नाम पर एक युवक से 48 हजार रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार श्रीराम नगर झोटवाड़ा निवासी लोकेश कुमार शर्मा ने मामला दर्ज करवाया कि उसने इंश्योरेंस के लिए ऑनलाइन सम्पर्क किया था। इस पर उसके पास एक एजेंट का फोन आया। उसने उसे तीन कम्पनियों के इंश्योरेंस पोलिसी भेजी। इस पर उसने आईसीआईसीआई लोमार्ड का इंश्योरेंस चुना और उसके 48 हजार रुपए जमा करवा दिए। इंश्योरेंस के कुछ दिन बाद उसकी कार चोरी हो गई। इस पर उसने कम्पनी के कस्टमर केयर और कार्यालय में सूचना दी। तो वहां से जबाव मिला कि आपके पास जो इंश्योरेंस पॉलिसी है वह फर्जी है। ठगी का पता चलने पर पीडित ने पुलिस की शरण ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसी तरह संजय सर्किल थाना इलाके में जमीन दिलाने के नाम पर एक कम्पनी से 42 लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार लालचंदपुरा निवासी गौरव शर्मा ने मामला दर्ज करवाया कि उनकी कम्पनी मोजिका ड्रीम को जगतपुरा में 22-23 बीघा जमीन एक करोड 60 लाख रुपए दिलाने के लिए भगवान सहाय ने एग्रीमेंट किया था। एग्रीमेंट करने के बाद आरोपी ने

बदमाश ने छीना युवक से मोबाइल

जयपुर (कासं)। शहर में बाइक्स गैंग का आंतक थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रतापनगर थाना इलाके में बाइक सवार दो बदमाश राह चलते युवक के हाथ से मोबाइल छीनकर ले गए। पुलिस के अनुसार सेक्टर आठ प्रतापनगर निवासी पकंज ने मामला दर्ज करवाया कि वह सेक्टर-11 स्थित सामुदायिक भवन के सामने से जा रहा था इसी दौरान पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और उसके हाथ पर झपट्टा मारकर मोबाइल छीनकर ले गए। इस अप्रत्याशित घटना में पीडित कुछ समझ पाता तब तक बदमाश तेज गति से बाइक चलाते हुए गलियों में ओझल हो गए।

महिला ने बिना जांच के पुलिस पर गिरफ्तार करने का आरोप लगाया

जयपुर । राजधानी के जयसिंहपुरा खोर इलाके में एक विधवा महिला की बच्ची से पड़ौसियों द्वारा छेड़छाड़ और उसे अनुसूचित जाति जनजाति के मामले में फंसाकर गिरफ्तार करवाने का मामला सामने आया है। महिला का आरोप है कि पुलिस ने दूसरे पक्ष से मिलीभगत कर बिना जांच किए उसे गिरफ्तार कर लिया। अब पीड़िता इंसाफ पाने के लिए भटक रही है।

जयसिंहपुरा खोर निवासी किरण कंवर का आरोप है कि उसके पड़ौस में रहने वाला रामअवतार बांकोलिया और उसकी पत्नी मंजू बांकोलिया बिना किसी वजह के रंजिश रखती है। वह उसे एससी-एसटी होने के कारण झूठे मुकदमें में फंसा रही है। पीड़िता का आरोप है कि 13 नवंबर को गोवर्धन पूजा वाले दिन उसकी 16 वर्षीय पुत्री घर के बाहर खेल रही थी।

तभी उसे अकेला पाकर रामअवतार बांकोलिया ने पकड़ लिया और उससे छेड़छाड़ की। चीख-पुकार की आवाज सुन किरण कंवर बाहर आई तो राम अवतार ने उसे पकड़ रखा था और उसकी पत्नी मंजू अपने घर के बाहर से गाली-गलौच कर रही थी। जैसे-तैसे पीड़िता बच्ची को आरोपी से छुड़वा कर थाने पहुंची तो पुलिस वालों ने उसकी शिकायत पर पॉस्को एक्ट की जगह मामूली धाराओं में मामला दर्ज कर घर भेज दिया। इसके बाद आरोपी पक्ष की शिकायत पर एसटी-एससी की धाराओं में मामला दर्ज कर पीड़िता को गिरफ्तार कर लिया। जिसके चलते पीड़िता को न्यायिक अभिरक्षा में रहना पड़ा।

पीड़िता का आरोप है कि एसीपी आमेर शिवरतन गोदारा ने बिना किसी जांच किए उसे गिरफ्तार कर लिया और उसकी शिकायत पर पॉस्को एक्ट में मामला दर्ज नहीं किया।

पुलिस जीप की बोनट पर चढ़ी महिला के खिलाफ एफ.आई.आर.

- महेश नगर थाने के एएसआई की रिपोर्ट पर दर्ज हुआ मामला
- महिला के पति ने शराबी एसआई के खिलाफ रिपोर्ट दी

जयपुर । महेश नगर थाना पुलिस ने शनिवार रात को गोपालपुरा बाईपास पर त्रिवेणी पुलिया के पास रात 11 बजे एक्सीडेंट के बाद हुए उपद्रव में पुलिस की गाड़ियों में तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की हैं। घटना को लेकर राजकार्य में बाधा पहुंचाने व सरकारी संपत्ती को नुकसान पहुंचाने की रिपोर्ट महेश नगर थाने के एएसआई रामपाल जाट ने दर्ज करवाई है।

पुलिस ने बताया कि मुकेश चौधरी, उनकी पत्नी रेखा, रमेश व कृष्णा देवी को आरोपी बनाते हुए पुलिस ने शिकायत दर्ज की हैं। पुलिस कंट्रोल रूम से एक्सीडेंट की सूचना मिली थी। इस पर चेतक वाहन पर एएसआई रामपाल, कांस्टेबल दिलीप कुमार, सुभाष चन्द व 112 में हैड कांस्टेबल बृजमोहन, कांस्टेबल अशोक कुमार सैनी त्रिवेणी पुलिया पहुंचे। वहां पर काफी लोगों की भीड़ इकट्ठी हो रही थी। जिनको समझाईश की गई तो भीड़ में से एक महिला जोर- जोर से चिल्लाती हुई कह रही थी कि मैं व मेरा पति ई-बाइक से गोपालपुरा बाईपास रोड होते हुए अपने घर आ रहे थे। उसी दौरान त्रिवेणी पुलिया के पास एक कार उसे पीछे से टक्कर मार दी। इस कार को एक एसआई शराब के नशे में चला रहा था। कार में एक पुलिस अधिकारी वर्दी में बैठा हुआ भी मिला। पुलिस कर्मियों ने महिला को समझाया। महिला कार के बोनट पर चढ गई। इसके बाद महिला ने 112 पर चढ़कर तोड़फोड़ की। जिसकी 112 में लगे हुए कैमरो में रिकॉर्डिंग हैं। महिला से पुलिस जाब्ते की मदद से काफी समझाईश की गई लेकिन नहीं मानी। जिस पर इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। वहीं बाइक सवार मुकेश चौधरी ने भी एक्सीडेंट की रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

दुपहिया वाहन चुराने वाले दबोचे

जयपुर । प्रताप नगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चुराई गई चार दुपहिया वाहन भी जब्त किया है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित नशा करने के आदि है और मौज-शौक के लिए चोरी की वारदात करते है। पुलिस ने बताया कि दुपहिया वाहन चुराने वाले आकाश धोबी निवासी सरायचौला जिला मुरैना (एमपी) और विवेक सैनी उर्फ बाबू नाई निवासी सांगानेर सदर को थाना इलाके में स्थित भैरू सर्किल से गिरफ्तार किया है। जिनके पास से सांगानेर,सांगानेर सदर और प्रताप नगर थाना इलाके में चुराई गई चार दुपहिया वाहन भी जब्त किया है। दोनों ही आरोपित आदतन अपराधी है और परिवार वालों से अलग रहते है। जो दिन में रैकी कर दुपहिया वाहनों की चोरी करते है। जिन्हे औने-पौने दामों पर बेच कर मिले पैसों से शौक-मौज और स्मैक में खर्च करते है।

10वीं पास युवक ने की पुलिस की वेबसाइट हैक

जयपुर (कासं)। 10वीं पास युवक ने राजस्थान पुलिस की साइट हैक कर उसके माध्यम से व्यापारियों से लेकर राजनेताओं तक को ब्लैकमेल किया। इसके माध्यम से आरोपी के मोटी रकम कमाई। आरोपी 10वीं पास साइबर क्रिमिनल यूपी के गाजियाबाद निवासी सौरभ साहू को दिल्ली पुलिस की क्राइम बांच ने पकड़ लिया। आरोपी ने पुलिस की क्राइम ब्रांच की ईमेल आईडी हैक कर ली। उस ईमेल आईडी से लोगों की कॉल डिटेल रिकॉर्ड निकलवाकर उनको ब्लैकमेल किया।

पुलिस के नाम से बैंकों को ईमेल कर कई लोगों के अकाउंट फ्रीज करा दिए। कई बॉलीवुड एक्टर और राजनेताओं की डिटेल भी चुराई। पुलिस को इस पूरे प्रकरण का पता करीब डेढ़ महीने पहले एक शख्स द्वारा पुलिस को अपने बैंक खाते के फ्रीज होने की शिकायत करने पर पता चला। इससे पूरे महकमे में हड़कंप मच गया। राजस्थान पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार का इनाम घोषित किया।

गत 6 मार्च 2024 को जयपुर का रहने वाला शोएब शरीफ खान राजस्थान पुलिस के साइबर क्राइम ऑफिस में पहुंचा। शोएब ने बताया कि उसका आईसीआईसीआई बैंक में अकाउंट है। इस अकाउंट को राजस्थान पुलिस के स्पेशल क्राइम ब्रांच के आईटी सेक्शन की आईडी से बैंक में मेल भेजकर फ्रीज करवाया गया है। शोएब ने अकाउंट फ्रीज करने की वजह जाननी चाही। शोएब की शिकायत पर पुलिस ने पड़ताल की तो सामने आया कि स्पेशल क्राइम ब्रांच के आईटी सेक्शन की इस मेल आईडी से कई सारे मेल कर कॉल डिटेल निकवाने के साथ खातों को सीज करवाया गया है।

सूने मकान में दिनदहाड़े चोरी

जयपुर । मानसरोवर थाना इलाके में शनिवार दिनदहाड़े सूने मकान में घुसकर चोर लाखों रुपए के जेवरात और नकदी ले गए। दीवार कूदकर घर में घुसे बदमाशों ने लोहे के नकब से मेन गेट का लॉक तोड़ा। अलमारी के लॉकर में रखे गहने-कैश और कीमती सामान को एक बैग में भरकर चोरी कर ले गया।

घर के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज में चोर की करतूत कैद हो गई। पुलिस ने बताया कि नारायण सागर-ए मानसरोवर निवासी राजेन्द्र शर्मा के घर चोरी हुई। कोचिंग टीचर राजेन्द्र शर्मा यहां अपने परिवार के साथ रहते हैं। पिछले करीब 20 दिन से परिवार अपने गांव बगरू गया हुआ है। शनिवार सुबह घर को लॉककर वह अपने जॉब पर चले गए। पीछे से दिनदहाड़े चोरी के इरादे से बदमाश ने घर को निशाना बनाया। अलमारी के लॉकर में रखी सोने की चेन, कानों के झुमके, 8 हजार रुपए, लेपटॉप और कीमती सामान व कपड़े चोरी कर ले गया। दोपहर करीब 2 बजे वापस लौटने पर घर में चोरी का पता चला।

ए.टी.एम.बदल कर युवक के खाते से पैसे निकाले

जयपुर । वैशाली नगर थाना इलाके में दो बदमाशों ने मदद के बहाने एक महिला का एटीएम बदलकर उससे 80 हजार रुपए निकाल लिए। पुलिस के अनुसार माचवा कालवाड़ निवासी ललिता देवी ने मामला दर्ज करवाया कि शनि महाराज के सामने एटीएम वह रुपए निकालने गई थी। उसने एटीएम से 20 हजार रुपए निकाल लिए।

कानोता थाने से 100 मीटर दूर ठेले पर मिला युवक का लहुलुहान शव

जयपुर । कानोता में थाने से सो मीटर दूर एक व्यक्ति की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। खून से लथपथ यह शव एक ठेले पर पड़ा था। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल में रखवाया। एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। पुलिस के अनुसार रविवार सुबह 5 बजे लोगों ने शव को देखकर पुलिस को सूचना दी। कानोता थाना पुलिस ने शव देखकर सीनियर अधिकारियों को जानकारी दी। मृतक की पहचान ब्रजमोहन (30) के रूप में हुई है। मृतक के शरीर पर कई जगहों पर धारदार हथियार से कट लगे हुए हैं। साथ ही सिर पर भी चोट के निशान हैं। मृतक जिस ठेले पर लेटा हुआ मिला है, वह भी खून से सना हुआ हैं। पुलिस इस मामले में आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। मृतक के हाथ पर ब्रजमोहन लिखा हुआ है। एसीपी बस्सी मुकेश चौधरी का कहना है कि मृतक यहीं पर घूमता रहता था। उसके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। हालांकि हत्या या दुर्घटना इस पर जांच की जा रही है।

गंभीर गठिया या चोट से पीड़ित लोगों की होती है 'टोटल नी रिप्लेसमेंट' सर्जरी : डॉ. अमित अग्रवाल

जयपुर, (का.सं.)। आज के समय में घुटने में दर्द की समस्या काफी आम हो गई है। लगभग 95 फीसदी मामलों में घुटने का अंदरूनी भाग बाहरी भाग की तुलना में तेजी से क्षतिग्रस्त होता है। ऐसे में स्थिति गंभीर होने पर नी रिप्लेसमेंट सर्जरी की जरूरत पड़ती है। आजकल लोगों में नी रिप्लेसमेंट सर्जरी को लेकर कई तरह के सवाल और भ्रम की स्थिति भी रहती है। नारायणा हॉस्पिटल जयपुर के डॉ. अमित अग्रवाल-कंसल्टेंट ऑर्थोपेडिक्स, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एंड स्पोर्ट मेडिसिन ने, नी रिप्लेसमेंट सर्जरी से मिलने वाले परिणामों और यह किन-किन तरीकों से की जाती है इसके बारे में बताया ताकि लोग जागरूक रहें और दर्द ना सहे बल्कि डॉक्टर से परामर्श लें।

गंभीर गठिया या फिर घुटने की गंभीर चोट से पीड़ित लोगों को टोटल नी रिप्लेसमेंट सर्जरी की जरूरत पड़ती है। इसमें गठिया या चोट से क्षतिग्रस्त हुए घुटने को बदलकर सही किया जाता है। इस सर्जरी में घुटने के जोड़ के साथ घुटने के जोड़ का निर्माण करने वाली हड्डियों के सिरों को ढकने के लिए मेटल और प्लास्टिक के भागों का प्रयोग किया जाता है। गंभीर ऑस्टियोआर्थराइटिस की बीमारी में भी नी रिप्लेसमेंट की आवश्यकता पड़ सकती है। सर्जरी में डॉक्टर जरुरी टेस्ट और अन्य जरुरी जांचों को करने के बाद घुटने के हिस्से में एक चीरा लगाते हैं और फिर घुटने के जोड़ के क्षतिग्रस्त भागों को हटाकर जोड़ में मेटल और प्लास्टिक से बने कृत्रिम अंग लगा देते हैं। इसके बाद चीरे को सर्जिकल स्टेपल या टांके से बंद कर पट्टी से बांध दिया जाता है। सर्जरी के बाद आपको कुछ दिन फिजियोथेरेपी की भी सलाह दी जाती है।

आंशिक या पार्शियल नी रिप्लेसमेंट एक बेहद सरल प्रक्रिया है, जिसमें घुटनों के जोड़ों में आंशिक बदलाव करके पूरे घुटने के खराब होने की प्रक्रिया को धीमा किया जा सकता है। घुटने कई तरह के हिस्सों से मिलकर बने होते हैं और जब इन्हीं में से कोई एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो जाता है तब पार्शियल नी रिप्लेसमेंट की सलाह दी जाती है जिसे यूनिकम्पार्टमेंटल घुटना आर्थ्रोप्लास्टी भी कहा जाता है। क्षतिग्रस्त हिस्से को बदलने से मरीज अधिक सामान्य रूप से कार्य करने लगता है और उसका दर्द भी कम हो जाता है।

डॉ. अमित अग्रवाल ने बताया कि ऐसा ही एक दुर्लभ केस नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर में हुआ जिसमें 70 साल के दोनों पति पत्नी का एक साथ नी रिप्लेसमेंट किया गया।

पिछले कुछ 20 साल से दोनों दांपत्य इस दर्द से पीड़ित थे, पति चाहता था कि पत्नी का ऑपरेशन पहले हो जाए ताकि उसकी सेवा कर सकूं और बाद में मैं अपना ऑपरेशन करवाऊं, ठीक ऐसा ही पत्नी ने भी सोचा था। मेरे संपर्क में आने के बाद मेरे सुझाव से दोनों ने निर्णय किया कि जब जिन्दगी के हर सुख दु:ख साथ देखे हैं, तो अब इस यात्रा को भी साथ ही तय करेंगे।

ऑपरेशन थिएटर में पहले पत्नी के दोनों नी रिप्लेसमेंट किए गए फिर एक ही दिन में उनके पति का भी बायां हिप और दायां नी रिप्लेसमेंट किया गया। इसमें सुव्यवस्थित अप्रोच के साथ पेशेंट की सर्जरी की गई जिससे पेशेंट को कम दर्द होता है और रिकवरी भी जल्दी हो जाती है।

दोनों को आईसीयू ऑब्जरवेशन में भी साथ ही रखा गया और फिर एक ही कमरे में उनकी रिकवरी भी हुई। 5 दिन बाद दोनों को जब खुद से चल के हॉस्पिटल से जाते देखा तो, मैं और मेरी पूरी टीम भावुक हो गए। नी रिप्लेसमेंट सर्जरी में बहुत ही सावधानी की जरूरत होती है, ऐसे में इसे ऐसे हॉस्पिटल में करवाना चाहिए जहां पर सभी सुविधाएं उपलब्ध हों जिससे आगे इन्फेक्शन का खतरा ना रहे।

पार्टी में बुलाकर युवती से दुष्कर्म

जयपुर (कासं)। सोडाला थाना इलाके में होटल में परिचित युवक द्वारा एक युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है।

पुलिस ने बताया कि मध्यप्रदेश निवासी 23 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया कि वह सोडाला इलाके में किराए से अपनी रूम पार्टनर के साथ रहती है। आरोप है कि रूम पार्टनर के बॉयफ्रेंड ने चित्रकूट नगर स्थित एक होटल में पार्टी रखी थी। होटल में पार्टी के बहाने रूम पार्टनर, उसका बॉयफ्रेंड व दोस्त उसे लेकर गए थे। पार्टी के दौरान रूम पार्टनर के बॉयफ्रेंड के दोस्त आशीष ने उसे नशीली दवा पिला दी। बेहोशी की हालत का फायदा उठाकर आरोपी आशीष ने उसके साथ दुष्कर्म किया। होश आने पर विरोध करने पर दोस्तों ने उसे समझाया।

आशीष ने जल्द ही शादी करने का वादा किया। कुछ समय पहले पीड़िता को आरोपी आशीष के पहले से शादीशुदा होने का पता चला। आशीष के शादीशुदा होने पर पीड़िता ने दूरी बना ली। आरोप है कि 10 अप्रैल को आरोपी आशीष ने जबरन घर में घुसकर उसके साथ रेप किया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। सोडाला थाने में पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।

सार-समाचार

मलोत हॉस्पिटल, सवाई चैम्प्स, स्पोर्टीडोक व के.सी.मेमोरियल हॉस्पिटल सेमीफाइनल में

जयपुर, (का.सं.)। मेडिकोज सोशल वेलफेयर सोसायटी के तत्वाधान में अक्षत चतुर्थ संस्करण डॉक्टर प्रीमियर टेनिस में सीनियर टीम वर्ग में रोमांचक मुकाबले हुए। लीग चेयरमैन डॉ जयंत सेन ने बताया कि दबंग सिंगल्स में डॉ आदित्य ने डॉ हेमंत को 6-4 से डॉ सुधांशु ने डॉ रुचिर को 7-5 से डॉ रवि ने डॉ अभिषेक को 6-2 से व डॉ कपिल ने डॉ टीएस सिंह को 6-2 से हराया। आयोजन सचिव डॉ अनिल यादव ने बताया कि दबंग डबल्स में डॉ पुनीत-डॉ संदीप ने डॉ आदित्य-डॉ टीएस सिंह को 6-4 से व डॉ निशान्त-डॉ कपिल ने डॉ आशीष-डॉ अंकित को 6-3 से हराया। लीग को चेयरमैन डॉ हरीश भारद्वाज ने बताया कि मलंग सिंगल्स में डॉ लोकेश ने डॉ विकास को 6-3 से, डॉ गीतेश ने डॉ संकल्प को 6-1, डॉ रामचंदानी ने डॉ राकेश लाल को 6-3 से व डॉ अजीत ने डॉ वैंकटेश को 6-4 से हराया। लीग कॉर्डिनेटर डॉ ओम मील ने बताया कि मलंग डबल्स में डॉ अजीत-डॉ चेतन ने डॉ आशीष-डॉ सतीश को 7-5 से व डॉ सुनील- डॉ संकल्प ने डॉ बी के बीनावरा-डॉ राजेंद्र को 6-2 से हराया। लीग कॉर्डिनेटर डॉ दीपाली पाठक ने बताया की मलंग डबल्स में डॉ अजीत-डॉ चेतन ने डॉ आशीष-डॉ सतीश को 7-5 से हराया।

शिविर में 350 रोगियों का इलाज

जयपुर, (का.सं.)। महात्मा गांधी अस्पताल जयपुर, तिलक नागरिक सेवा समिति व जयपुर भार्गव सभा के संयुक्त तत्वावधान में 28 अप्रैल को नि:शुल्क सुपर स्पेशलिटी चिकित्सा परामर्श व जाँच शिविर का आयोजन हुआ। महर्षि भृगु सदन, सुंदर मार्ग, तिलक नगर में लगाये गए शिविर में महात्मा गांधी अस्पताल, जयपुर के सुविख्यात विशेषज्ञ ने तीन सौ से अधिक रोगियों को नि:शुल्क परामर्श सेवायें दीं। इस अवसर निशुल्क जांचें कर दवाइयां भी दी गई। शिविर का उद्घाटन महात्मा गांधी मेडिकल यूनिवर्सिटी के संस्थापक चेयरमैन डॉ एम एल स्वर्णकार तथा चेयरमेन डॉ विकास स्वर्णकार ने किया। तिलक नागरिक सेवा समिति के अध्यक्ष पंकज सक्सेना तथा भार्गव सभा जयपुर अध्यक्ष अनिल भार्गव ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में महात्मा गांधी अस्पताल के वरिष्ठ मधुमेह व हार्मोन रोग विशेषज्ञ डॉ सुरेंद्र कुमार शर्मा, वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ ललित मोहन शर्मा, शिशु व बाल रोग विशेषज्ञ डॉ अशोक गुप्ता, कान नाक व गला रोग विशेषज्ञ डॉ तरुण ओझा, वरिष्ठ फिजिशियन डॉ मुकेश सरना, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ मनीषा निझावन, जनरल सर्जरी डॉ शिरीष गुप्ता, हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप कुमार यादव, पेट आंत व लिवर रोग विशेषज्ञ डॉ रजत भार्गव, प्रसूति व स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रंजना अटल, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ सरिता जैन, न्यूरोलॉजिस्ट डॉ बलवीन सिंह, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ अनिरुद्ध प्रताप, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ सुमंत प्रसाद व डेंटल इंप्लांट विशेषज्ञ डॉ अजय गुप्ता व फिजियोथेरेपी विशेषज्ञ डॉ आशीष जैन ने अपनी सेवायें दी। शिविर में रोगियों की बोनडेंसीटोमैट्री, लिपिड प्रोफाइल, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर व ईसीजी की जाँच व दवाइयां नि:शुल्क प्रदान गई।

मैरिज गार्डन के बाहर से स्कूटी चोरी

जयपुर । रामनगरिया थाना इलाके में एक मैरिज गार्डन के बाहर खड़ी एक्टिवा गाड़ी को बदमाश चोरी कर ले गए। स्कूटी से आए चोरों ने मास्टर चाबी से लॉक तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। महज 30 सेकेंड में एक्टिवा को स्टार्ट कर चोरी कर ले गए। मेरिज गार्डन के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज में वाहन चोरों की करतूत कैद हो गई। पुलिस ने बताया कि झालाना गांधी नगर निवासी शान्ति कुमार (38) की एक्टिवा चोरी हुई है। शनिवार रात करीब 9:15 बजे वह परिचित की शादी में जगतपुरा स्थित सरजू महल मेरिज गार्डन में आए थे। मेरिज गार्डन के बाहर पार्किंग में अपनी एक्टिवा गाड़ी को खड़ी कर खाना खाने अंदर चले गए। करीब सवा घंटे बाद बाहर आने पर एक्टिवा गायब मिली। इधर-उधर काफी तलाश के बाद भी एक्टिवा नहीं मिली। स्कूटी से आए दो बदमाशों ने एक्टिवा के पास खुद की गाड़ी खड़ी की। कुछ देर बाद हाथ में चाट लेकर खाते-खाते दोनों अपनी स्कूटी के पास पहुंचे। चाट खाते हुए एक बदमाश ने उसकी एक्टिवा का मास्टर चाबी से लॉक तोड़ दिया। दूसरा बदमाश अपनी स्कूटी के पास खड़ा होकर चाट खाते रहा। पीछे-पीछे उसका साथी भी अपनी स्कूटी लेकर फरार हो गया।

कॉफी पिलाने के बहाने नाबालिग से दुष्कर्म

जयपुर । श्यामनगर इलाके में कॉफी पिलाने के बहाने होटल में ले जाकर एक किशोरी से रेप करने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार मांग्यावास निवासी 15 वर्षीय किशोरी ने मामला दर्ज करवाया कि उसे अनिल कॉफी पिलाने के बहाने एक होटल में ले गया। होटल के रुम में ले जाकर आरोपी ने उसे खाने को सुपारी दी। सुपारी खाते ही उसे नशा होने लगा। इसका फायदा उठाकर आरोपी ने उसके अश्लील फोटो विडियो बना लिया और उसके साथ रेप किया। घटना 25 अप्रेल की बताई जा रही है।

दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

जयपुर । शिवदासपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चौपहिया वाहन (पिक अप) चुराने वाले दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की एक पिकअप बरामद की गई है ।फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। थाना अधिकारी रंजीत सिंह ने बताया कि चौपहिया वाहन (पिक अप) चुराने वाले वाहन चोर मोंटी चौहान उर्फ पृथ्वीराज सिंह निवासी मंडावरी जिला दोसा और विकास योगी उर्फ विक्की निवासी कोटखावदा जयपुर को गिरफ्तार कर उनके पास से एक चोरी की पिकअप बरामद की गई है।